**Roll No.----------------------**

| प्रश्नपुस्तिका क्रमांक<br>**Question Booklet No.** |
|---|
| |

**O.M.R. Serial No.** | | | | | | | | |

| प्रश्नपुस्तिका सिरीज<br>**Question Booklet Series** |
|---|
| **C** |

# LL.B (Second Semester) Examination, January-2022

# LL.B201

# CONSTITUTIONAL LAW-II

**Time : 1:30 Hours** **Maximum Marks-100**

**जब तक कहा न जाय, इस प्रश्नपुस्तिका को न खोलें**

**निर्देश : –**

1. परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्नपुस्तिका की सिरीज का विवरण यथास्थान सही– सही भरें, अन्यथा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की विसंगति की दशा में उसकी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
2. **इस प्रश्नपुस्तिका में 100 प्रश्न हैं, जिनमे से केवल 75 प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों द्वारा दिये जाने है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही उत्तर सही है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, अपने उत्तर पत्रक (O.M.R. ANSWER SHEET)में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले या नीले बाल प्वांइट पेन से पूरा भर दें। यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित प्रश्नों से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये जाते हैं तो उसके द्वारा हल किये गये प्रथमतः यथा निर्दिष्ट प्रश्नोत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा।**
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आप के जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
4. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर ही दिये जाने हैं। उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
5. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाय।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी प्रश्नपुस्तिका बुकलेट एवं ओ०एम०आर० शीट पृथक–पृथक उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें।
7. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

**363**

महत्वपूर्ण : – **प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जॉच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभॉति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**

1. Encouraging 'Scientific Temper' under Indian Enstitution is a :
   (A) Fundamental Right
   (B) Fundamental Duty
   (C) Directive Principle of State policy
   (D) Ideal of the preamble

2. Which among the following is not a fundamental Right under the Constitution :
   (A) Right to Employment
   (B) Religious Freedom
   (C) Freedom of Speech
   (D) Right to equality

3. Which of the following restriction contained in Article 19(2) of the Constitution is –related to 'Hicklin test :
   (A) Defammation
   (B) Decency and Morality
   (C) Foreign Relation with other State
   (D) Contempt of Court

4. Directive Principles of State policy are directly related to :
   (A) Social Justice
   (B) Political Justice
   (C) Economic Justice
   (D) All the abovee

1. 'वैज्ञानिक दृष्टिकोण' को बढ़ावा देना संविधान के अन्तर्गत है एक :
   (A) मूलभूत अधिकार
   (B) मूलभूत कर्तव्य
   (C) राज्य का नीति निदेशक तत्व
   (D) उद्देशिका का आदर्श

2. संविधान के अन्तर्गत निम्न में से कौन मूलभूत अधिकार नहीं है :
   (A) नियोजन का अधिकार
   (B) धार्मिक स्वतन्त्रता
   (C) वाक् स्वतन्त्रता
   (D) समता का अधिकार

3. संविधान के अनुच्छेद 19(2) में वर्णित निम्न में से कौन सा प्रतिबंध 'हिकलिन कसौटी' से संबंधित है :
   (A) मानहानि
   (B) शालीनता एवं नैतिकता
   (C) अन्य राष्ट्र से विदेशी संबंध
   (D) न्यायिक अवमान

4. राज्य के नीति निदेशक तत्व प्रत्यक्षतः संबंधित है :
   (A) सामाजिक न्याय से
   (B) राजनैतिक न्याय से
   (C) आर्थिक न्याय से
   (D) उपरोक्त सभी से

5. The Fundamental Right which is heart and soul of Indian Constitution according to Dr. Ambedkar is contained in Article :
(A) 32
(B) 21
(C) 19
(D) 14

5. डा० अम्बेडकर के अनुसार संविधान का वह मूलभूत अधिकार जो उसका हृदय तथा आत्मा है समाहित है अनुच्छेद :
(A) 32 में
(B) 21 में
(C) 19 में
(D) 14 में

6. As per Constitutional position an eminent Jurist can be appointed as a Judge of :
(A) Supreme Court
(B) High Court
(C) District Court
(D) All the above

6. संवैधानिक स्थिति के अनुसार एक प्रख्यात विधिशास्त्री को न्यायाधीश नियुक्त किया जा सकता है :
(A) उच्चतम न्यायालय का
(B) उच्च न्यायालय का
(C) जिला न्यायालय का
(D) उपरोक्त सभी

7. As per Judgement of the Supreme Court in the Case of I.R. Coelho Vs State of TamilNadu Central and State Laws put in the IX schedule of the Constitution after 24th April 1974 can be :
(A) Judicially reviewed if basic features are violated
(B) Cannot be judicially reviewed
(C) Judiciol Review is subject to Court descretion
(D) None of the above

7. आई० आर० सियोलो बनाम तमिलनाडू राज्य के वाद के निर्णयानुसार वे सभी केन्द्रीय तथा राज्य विधायन जो कि 24 अप्रैल 1974 के बाद IX अनुसूची में रखे गये है, उनका :
(A) न्यायिक पुनर्विलोकन किया जा सकता है यदि संविधान के आधारभूत लक्षणों का उल्लघन हो
(B) न्यायिक पुनर्विलोकन नहीं हो सकता
(C) न्यायिक स्वविवेक पर न्यायिक पुनर्विलोकन आश्रित है
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

8. In Ismail Farooqui Vs Union of India case which among the following was held to be basic structure of the Constitution :

(A) Free and fair elections
(B) Secularism
(C) Democratic form of Government
(D) Parliaments limited power of Amendment

8. इस्माईल फारूखी बनाम भारत संघ के वाद में निम्न में किसको संविधान का आधारभूत ढाँचा कहा गया :

(A) स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष चुनाव
(B) धर्मनिरपेक्षता
(C) लोकतांत्रिक सरकार
(D) संसद की संविधान संशोधन की सीमित शक्ति

9. Choose the best option- Constitutional Amendment under Article 368 includes power of Parliament to :

(A) Add any Provision to the Constitution
(B) To vary any Provision of the Constitution
(C) Repeat any existing Provision
(D) All the above

9. सर्वश्रेष्ठ विकल्प का चयन करें –
अनुच्छेद 368 के अन्तर्गत 'संशोधन' में सम्मिलित है संसद का :

(A) संविधान में किसी प्रावधान का परिवर्धन करना
(B) संविधान के किसी प्रावधान का परिवर्तन करना
(C) संविधान के किसी वर्तमान प्रावधान का निरसन करना
(D) उपरोक्त सभी

10. Under Article 368 of the Constitution which among of the following Correct be amended :

(A) Fundamental Rights
(B) Fundamental Duties
(C) Basic Structure of the Constitution
(D) Preamble

10. संविधान के अनुच्छेद 368 के अन्तर्गत किसको संशोधित नहीं किया जा सकता है :

(A) मूल अधिकारो को
(B) मूलभूत कर्तव्यों को
(C) संविधान के आधार भूत ढाँचे को
(D) उद्देशिका को

11. The fundamental duties under the Indian Constitution have been introduced in the Constitution on the recommendation of which Committee :

(A) Sasthanam Committee

(B) Sardar Swarna Singh Committee

(C) Ranganath Mishra Committee

(D) P. Dutt Committee

11. संविधान में मूल कर्तव्य निम्न में से किस समिति की सिफारिश पर सम्मिलित किये गये:

(A) संथानम समिति

(B) सरदार स्वर्ण सिंह समिति

(C) रंगनाथ मिश्रा समिति

(D) पी० दत्त समिति

12. A Magistrate does not goes to him office to carry out-his assigned duties, against him which of the following unit can be issued :

(A) Habeas corpus

(B) Mandamus

(C) Prohibition

(D) Quo Warranto

12. एक मजिस्ट्रेट अपना कार्य करने के लिए कार्यालय नहीं जाता है, उसके विरूद्ध निम्न में से कौन सी रिट जारी की जा सकती है :

(A) बन्दी प्रत्यक्षीकरण

(B) परमादेश

(C) प्रतिषेध

(D) अधिकार पृच्छा

13. In Keshvanand Bharti Vs State of Kerala case the validity of which of the following Constitutional Amendment was challenged :

(A) $17^{th}$ Constitutional Amendment

(B) $24^{th}$ Constitutional Amendment

(C) $1^{st}$ Constitutional Amendment

(D) $39^{th}$ Constitutional Amendment

13. केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य वाद में निम्न में से किस संवैधानिक संशोधन को चुनौती दी गई थी :

(A) 17वें संविधान संशोधन को

(B) 24वें संविधान संशोधन को

(C) प्रथम ($1^{st}$) संविधान सशोधन को

(D) 39वें संविधान सशोधन को

14. 'Article 368' can be amended by :
   (A) Simple majority of both house of Parliament.
   (B) By special majority of both house of Parliamentalong with ratification of atleast 50% of State Legislatures.
   (C) By special majority of both House of Parliament.
   (D) Article 368 can never be amended.

14. अनुच्छेद 368 का संशोधन किया जा सकता है:
   (A) संसद के दोनों सदनों के सामान्य बहुमत से
   (B) संसद के दोनों सदनों की विशेष बहुमत से तथा जिसका अनुसमर्थन न्यूनतम 50% राज्य विधायीकाओं द्वारा किया जाये।
   (C) संसद के दोनों सदनों के विशेष बहुमत से।
   (D) अनुच्छेद 368 का कभी संशोधन नहीं हो सकता है।

15. Keshavanand Bharti Vs State of Kerala is related to :
   (A) Basic Structure Doctrine
   (B) Doctrine of Precedent
   (C) Doctrine of ultra-vires
   (D) Doctrine of Prospective over ruling

15. केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य वाद संबंधित है :
   (A) मूलभूत ढाँचे के सिद्धान्त से
   (B) पूर्वनिर्णय के सिद्धान्त से
   (C) अधिकारातीत के सिद्धान्त से
   (D) भविष्य लक्षी प्रत्यादेश सिद्धान्त से

16. Choose the best option Doctrine of Basic Structure is defined under :
   (A) Article 366 of the Constitution
   (B) Not defined under the Constitution
   (C) Article 368 of the Constitution
   (D) Article 367 of the Constitution

16. सर्वोतम विकल्प का चयन करें –
   'संविधान का मूलभूत ढाँचा' परिभाषित है :
   (A) संविधान के अनुच्छेद 366 में
   (B) संविधान में परिभाषित नहीं है
   (C) संविधान के अनुच्छेद 368 में
   (D) संविधान के अनुच्छेद 367 में

17. The nature of Article 368 of the Constitution is :

(A) Purely Substantive

(B) Purely procedural

(C) Intimately related to Article 13 (3) of the Constitution

(D) Both substantive and Procedural

17. संविधान के अनुच्छेद 368 की प्रकृति है :

(A) पूर्णतः सारवान

(B) पूर्णतः प्रक्रियात्मक

(C) संविधान के अनुच्छेद 13 (3) से निकटस्थ संबंधित है

(D) सारवान एवं प्रक्रियात्मक दोनों

18. The Appellate Jurisdiction of Supreme Court in Civil matters certified for appeal to Supreme Court by High Court is limited to :

(A) Question of fact

(B) Question of Law

(C) Substantial question of law of general importance

(D) Mixed question of law and fact

18. उच्चतम न्यायालय कीसिविल मामलों में अपीलीय अधिकारिता उच्च–न्यायालय द्वारा प्रमाणित अपीलीय मामलों के संदर्भ में सीमित है :

(A) तथ्य के प्रश्न तक

(B) विधि के प्रश्न तक

(C) विधि का सारवान प्रश्न जो सामान्य महत्व का हो, तक

(D) विधि तथा तथ्य के मिश्रित प्रश्न तक

19. The Principle of 'Stare Decis' is enunciated by which of the following Article of the Constitution :

(A) Article 145

(B) Article 146

(C) Article 143

(D) Article 141

19. संविधान के निम्न में से किस अनुच्छेद द्वारा 'पूर्वनिर्णय' का सिद्धान्त परिलक्षित होता है :

(A) अनुच्छेद 145

(B) अनुच्छेद 146

(C) अनुच्छेद 143

(D) अनुच्छेद 141

20. In which of the following case the doctrine of Prospective Over ruling was Propounded :

(A) I.C. Golaknath Vs State of Punjab

(B) Menaka Gandhi Vs Union of India

(C) Keshavanand Bharti Vs State of Kerala

(D) S.P. Gupta Vs Union of India

20. निम्न में से किस वाद में उच्चतम न्यायालय 'भविष्यलक्षी प्रत्योदश का सिद्धान्त' प्रतिपादित किया :

(A) आई० सी० गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य

(B) मेनका गाँधी बनाम भारत संघ

(C) केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य

(D) एस० पी० गुप्ता बनाम भारत संघ

21. The President of India may refer a question of fact or law of public importance to Supreme Court of India under Supreme Court's :

(A) Original Jurisdiction

(B) Advisory Jurisdiction

(C) Inherent Jurisdiction

(D) In All the above

21. भारत का राष्ट्रपति किसी लोक महत्व के विधि या तथ्य संबंधी प्रश्न को उच्चतम न्यायलय के विचार हेतु भेज सकता है, जो कि आता है उच्चतम न्यायलय की :

(A) आरंभिक अधिकारिता में

(B) परामर्शीय अधिकारिता में

(C) अन्तर्निहित अधिकारिता में

(D) उपरोक्त सभी में

22. The Right to move Supreme Court by Special Leave Petition is contained in Article :

(A) 134-A

(B) 132

(C) 136

(D) 137

22. उच्चतम न्यायालय में 'विशेष इजाजत से अपील' करने का प्रावधान निहित है अनुच्छेद से, वह है :

(A) 134-A

(B) 132

(C) 136

(D) 137

23. Choose the Right option in appointment of judges of Supreme Court of India the President of India is :

(A) Bound to Consult the Chief Justice of India
(B) May Consult the Chief Justice of India
(C) Free to act in his own discretion
(D) Bound to Consult Chief Justice of various State High Courts

23. सही विकल्प चुनें–
उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में भारत का राष्ट्रपति :

(A) भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श करने के लिए बाध्य है
(B) भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श कर सकता है
(C) अपने स्वविवेक से निर्णय करने के लिए स्वतंत्र है
(D) सभी राज्यों के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श हेतु बाध्य है

24. The Article of the Constitution which declares Supreme Court of India in exercise of its jurisdiction can pass any decree or order to do Complete justice in a matter pending before it :

(A) Article-141
(B) Article-142
(C) Article-144
(D) Article-140

24. संविधान का वह अनुच्छेद जो कहता है कि भारत का उच्चतम न्यायलय अपने समक्ष लंबित किसी मामले में संपूर्ण न्याय करने हेतु कोई भी डिक्री या आदेश पारित कर सकता है:

(A) अनुच्छेद 141
(B) अनुच्छेद 142
(C) अनुच्छेद 144
(D) अनुच्छेद 140

25. The Authority or Institution which can increase the strength of the Judges of Supreme Court is :

(A) President of India
(B) Council of Ministers
(C) Chief Justice of India
(D) Parliament

25. भारत में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशो की संख्या में वृद्धि जिस प्राधिकारी अथवा संस्था द्वारा की जा सकती है, वह है :

(A) भारत का राष्ट्रपति
(B) मंत्री परिषद
(C) भारत का मुख्य न्यायाधीश
(D) संसद

26. The Court which is final interpreter and Guardian of Indian Constitution is :
(A) Supreme Court
(B) High Court
(C) Both Supreme Court and High Court
(D) Presidential Court

27. Power of Judicial Review exercised by Supreme Court is Contained in :
(A) Article 32 of the Constitution
(B) Article129 of the Constitution
(C) Article 137 of the Constitution
(D) Article 139 of the Constitution

28. The Article of the Constitution stating Supreme Court of India to be a Court of Reward is :
(A) Article 129
(B) Article 126
(C) Article 130
(D) Article 128

29. The Judge of a Supreme Court can be removed from his office by Impeachment process on grands of:
(A) Proved Misconduct
(B) Proved incapacity
(C) Proved Misconduct or incapacity
(D) All the above are correct

26. वह न्यायालय जो भारतीय संविधान का अंतिम निर्वाचनकर्ता तथा संरक्षक है, वो है :
(A) उच्चतम न्यायालय
(B) उच्च न्यायालय
(C) उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय दोनों
(D) राष्ट्रपति न्यायालय

27. उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रयोग की जाने वाली न्यायिक पुनर्विलोकन की शक्ति का उल्लेख है:
(A) संविधान के अनुच्छेद 32 में
(B) संविधान के अनुच्छेद 129 में
(C) संविधान के अनुच्छेद 137 में
(D) संविधान के अनुच्छेद 139 में

28. संविधान का वह अनुच्छेद जो कहता है कि भारत का उच्चतम न्यायालय एक अभिलेख न्यायालय है, वह है :
(A) अनुच्छेद 129
(B) अनुच्छेद 126
(C) अनुच्छेद 130
(D) अनुच्छेद 128

29. उच्चतम न्यायलय के न्यायधीश को उसके पद से महाभियोग प्रक्रिया द्वारा हटाया जाता है निम्न आधार पर :
(A) साबित कदाचार पर
(B) साबित असमर्थता पर
(C) साबित कदाचार अथवा असमर्थता पर
(D) उपरोक्त सभी सही हैं

30. The minimum number of Judges required for sitting of a Constitutional Bench of Supreme Court is :

(A) 3

(B) 5

(C) 7

(D) 9

30. उच्चतम न्यायालय की संवैधानिक पीठ की कार्यवाही हेतु न्यूनतम न्यायाधीशो की संख्या होती है :

(A) 3

(B) 5

(C) 7

(D) 9

31. The Article of the eligibility for Constitution related to appointment of a Supreme Court Judge is :

(A) Article 124 (3)

(B) Article 124 (4)

(C) Article124 (2)

(D) Article124 (5)

31. संविधान का अनुच्छेद जो उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति संबंधी अहर्ता निर्धारित करता है, वह है :

(A) अनुच्छेद 124 (3)

(B) अनुच्छेद 124 (4)

(C) अनुच्छेद 124 (2)

(D) अनुच्छेद 124 (5)

32. The disputes arising among two or more states in India come under :

(A) Original Jurisdiction of Supreme Court

(B) Appellate Jurisdiction of Supreme Court

(C) Advisory Jurisdiction of Supreme Court

(D) All the above are correct

32. दो या अधिक राज्यों के मध्य उत्पन्न विवाद आते है :

(A) उच्चतम न्यायालय के आरम्भिक अधिकारिता में

(B) उच्चतम न्यायालय के अपीलीय अधिकारिता में

(C) उच्चतम न्यायालय के सलाहकारी अधिकारिता में

(D) उपरोक्त सभी सही है

33. To respect and honor the National Flag and National Anthem is a :

(A) Fundamental duty of every citizen

(B) Fundamental Right of every citizen

(C) Directive Principle of State policy

(D) Moral duty every citizen

33. राष्ट्रीय ध्वज तथा राष्ट्रीय गान का आदर तथा सम्मान करना है :

(A) प्रत्येक नागरिक का मूल कर्तव्य

(B) प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार

(C) राज्य का नीति निदेशक तत्व

(D) प्रत्येक नागरिक का मूल कर्तव्य

34. Which among the following is a 'Directive Principle of State policy:

(A) Right to Primary Education
(B) Right to Property
(C) Right to file writ in supreme Court and High Court
(D) Living wage for workers

35. The binding force behind Directive principles of state policy is that of:

(A) Authority Central and State Government
(B) Judiciary
(C) Constitution itself
(D) Public opinion

36. The Constitutional Amendment which give primacy to Directive principle of state policy over fundamental Rights was :

(A) $40^{th}$
(B) $42^{nd}$
(C) $45^{th}$
(D) $38^{th}$

37. Under the Indian Constitution the Concept of 'Welfare State' is evident from :

(A) Fundamental Rights
(B) Directive Principles of State policy
(C) From Preamble of the Constitution
(D) From Both (B) and (C)

34. निम्न में से कौन राज्य का नीति निदेशक तत्व है :

(A) प्राथमिक शिक्षा का अधिकार
(B) संपत्ति का अधिकार
(C) उच्चतम न्यायलय तथा उच्च न्यायालय में रिट दाखिल करने का अधिकार
(D) कर्मकारों के लिए निर्वाह मजदूरी

35. 'राज्य के नीति निदेशक तत्व' के पीछे बाध्यकारी शक्ति है :

(A) केन्द्र और राज्य सरकारो की प्राधिकारिता
(B) न्यायापालिका
(C) संविधान स्वयं में
(D) लोकमत

36. वह संविधान संशोधन जिसके द्वारा राज्य के नीति निदेशक तत्वो को मूल अधिकारों पर प्राथमिकता दी गयी, था :

(A) 40वाँ
(B) 42वाँ
(C) 45वाँ
(D) 38वाँ

37. भारतीय संविधान के अन्तर्गत 'कल्याणकारी राज्य' की परिकल्पना परिलक्षित होती है :

(A) मूलभूत अधिकारों से
(B) राज्य के नीति निदेशक तत्वो से
(C) संविधान की उद्देशिका से
(D) (B) और (C)दोनों से

38. Directive Principles of State policy have been taken from the Constitution of :

(A) Great- Britain

(B) Russia

(C) United States of America

(D) Ireland

39. The Fundamental duty corresponding to Article 21-A (Fundamental Right)of the Constitution is confirmed in Article:

(A) 51-A (a)

(B) 51-A (b)

(C) 51-A (j)

(D) 51-A (k)

40. Fundamental Duties under the Indian Constitution are :

(A) Enforceable

(B) Non-Enforceable

(C) National Duties hence enforceable

(D) Obligatory depending on Individual Conscience

41. The Article of the Constitution Promoting International Peace and Security is :

(A) Article 51

(B) Article 45

(C) Article 50

(D) Article 52

38. राज्य के नीति निदेशक तत्व जिस देश के संविधान से लिए गये है, वह है :

(A) ग्रेट ब्रिटेन

(B) रूस

(C) संयुक्त राज्य अमेरिका

(D) आयरलैण्ड

39. संविधान के अनुच्छेद 21-A के अन्तर्गत प्रदत्त मूलअधिकार के समान्तर मूल कर्तव्य संविधान के जिस अनुच्छेद में है, वह है –

(A) 51-A (a)

(B) 51-A (b)

(C) 51-A (j)

(D) 51-A (k)

40. भारतीय संविधान के अन्तर्गत मूलभूत कर्तव्य हैं :

(A) प्रवर्तनीय

(B) अप्रवर्तनीय

(C) राष्ट्रीय कर्तव्य अतः प्रवर्तनीय

(D) व्यक्तिगत अंर्तचेतना के आधार पर आभारीय

41. संविधान का वह अनुच्छेद जो अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को बढ़ावा देता है, वह है :

(A) अनुच्छेद 51

(B) अनुच्छेद 45

(C) अनुच्छेद 50

(D) अनुच्छेद 52

42. The Provision of equal Justice and free legal aid is contained in which of the following Article of the Constitutions ?
(A) Article 47
(B) Article 39
(C) Article 39-A
(D) Article 38

43. Fundamental Duties have been incorporated into the constitution by taking inspiration from the constitution of :
(A) U.S.A.
(B) Japan
(C) U.S.S.R.
(D) Canada

44. 86th Constitutional Amendment is related to declaring :
(A) Primary education as fundamental Right
(B) Secondary education as fundamental Right
(C) Higher education for Girls as fundamental Right
(D) Higher education for all to be a fundamental Right

45. The total number of fundamental Duties mentioned in Article 51-A are :
(A) Ten
(B) Eight
(C) Eleven
(D) Twelve

42. समान न्याय एवं निशुल्क विधिक सहायता संबंधी प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद में है ?
(A) अनुच्छेद 47
(B) अनुच्छेद 39
(C) अनुच्छेद 39– A
(D) अनुच्छेद 38

43. वह देश जिसके संविधान से प्रेरणा लेकर भारत में मूलभूत कर्तव्य संविधान में समाहित किये गये है :
(A) U.S.A. (यू० एस० ए०)
(B) जापान
(C) U.S.S.R.(यू० एस० एस० आर०)
(D) कनाडा

44. 86वाँ संविधान संशोधन संबंधित है :
(A) प्राईमरी शिक्षा के मूल अधिकार की घोषणा से
(B) सेकेन्डरी शिक्षा के मूल अधिकार की घोषणा से
(C) बालिकाओं के लिए उच्च शिक्षा के मूलाधिकार की घोषणा से
(D) सभी के लिए उच्च शिक्षा के मूलाधिकार की घोषणा से

45. अनुच्छेद 51–A में वर्णित मूलभूत कर्तव्यों की संख्या है :
(A) दस
(B) आठ
(C) ग्यारह
(D) बारह

46. The fundamental Duties were inserted into the Constitution by which of the following Constitution Amendment :

(A) 42nd Constitution amendment
(B) 44th Constitution amendment
(C) 43rd Constitution amendment
(D) 51st Constitution amendment

46. संविधान में 'मूलभूत कर्तव्य निम्न में से किस संविधान संशोधन द्वारा समाहित किये गये :

(A) 42वाँ संविधान संशोधन
(B) 44वें संविधान संशोधन
(C) 43वें संविधान संशोधन
(D) 51वें संविधान संशोधन

47. Fundamental Duties are contained in which part of the Constitution :

(A) Part -IV
(B) Part -III
(C) Part -V
(D) Part –IV-A

47. 'मूलभूत कर्तव्य' संविधान के किस भाग में सम्मिलित है :

(A) भाग-IV में
(B) भाग-III में
(C) भाग-V में
(D) भाग –IV-Aमें

48. Under the Constitution the Article which is related 'Uniform Civil Code; is :

(A) Article 46
(B) Article 44
(C) Article 38
(D) Article 40

48. भारतीय संविधान के अन्तर्गत 'समान नागरिक संहिता' से संबंधित अनुच्छेद है :

(A) अनुच्छेद 46
(B) अनुच्छेद 44
(C) अनुच्छेद 38
(D) अनुच्छेद 40

49. In which of the following cases "Means – Goal" relationship between fundamental Rights and Directive Principle State Policy was propounded :

(A) Minerva Mills Vs Union of India
(B) Fundamental Rights case
(C) Habeas corpus case
(D) Unnikrishan Vs State of Kerala

49. निम्न में से किस वाद में मौलिक अधिकारों तथा राज्य के नीति निदेशक तत्वों को मध्य 'साधन–साध्य' संबंध प्रतिपादित किया गया था:

(A) मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ वाद में
(B) मूलभूत अधिकार वाद में
(C) बन्दी प्रत्यक्षकरणी वाद में
(D) उन्नकृष्णन बनाम केरल राज्य वाद में

50. Articles 36 to 51 of the Constitution are related to :
(A) Directive principles of State policy
(B) Centre-State relation
(C) Juris diction of the supreme Court
(D) Fundamental Duties

50. संविधान के अनुच्छेद 36 से 51 तक संबंधित है :
(A) राज्य के नीति निदेशक तत्वों से
(B) केन्द्र राज्य संबंध
(C) उच्चतम न्यायालय की अधिकारिता
(D) मूलभूत कर्तव्यों से

51. A person who usurps a Public office can be removed by :
(A) Writ of Mandamus
(B) Writ of Quo Warranto
(C) Writ of prohibition
(D) Writ of Certiorari

51. वह व्यक्ति जो किसी 'लोक पद' पर बिना अधिकार के काबिज हो जाता है, हटाया जा सकता है :
(A) परमादेश रिट द्वारा
(B) अधिकार पृच्छा रिट द्वारा
(C) प्रतिषेध रिट द्वारा
(D) उत्प्रेषण रिट द्वारा

52. Writs for enforcement of Fundamental Rights can be moved in :
(A) Supreme Court only
(B) High Court only
(C) District Court
(D) Both Supreme Court and High Court

52. मूलभूत अधिकारों के प्रवर्तन हेतु रिट दाखिल की जा सकता है :
(A) केवल उच्चतम न्यायालय में
(B) केवल उच्च न्यायालय में
(C) जिला न्यायालय में
(D) उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय दोनों में

53. Which among the following writ is curative in nature :
(A) Certiorari
(B) Prohibition
(C) Mandamus
(D) Both (A) and (B)

53. निम्न में से कौन सी रिट उपचारात्मक प्रकृति की है :
(A) उत्प्रेषण
(B) प्रतिषेध
(C) परमादेश
(D) (A)और (B) दोनों सही है

54. The person detained illegally by police authorities can apply for a writ of :

(A) Mandamus
(B) Prohibition
(C) Quo warran to
(D) Habeas Corpus

54. पुलिस अधिकारियों द्वारा गैर विधिक रूप से विरूद्ध व्यक्ति न्यायालय में जिस रिट के लिए आवदेन करेगा, वह है :

(A) परमादेश
(B) प्रतिषेध
(C) अधिकार पृच्छा
(D) बन्दी प्रत्यक्षीकरण

55. Write Jurisdiction of Supreme and High Courts is contained in Articles :

(A) 32 and 226 of the Constitution
(B) 32 and 220 of the Constitution
(C) 35 and 226 of the Constitution
(D) 136 and 226 of the Constitution

55. उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायलयों की रिट अधिकारिता से संवैधानिक अनुच्छेद है :

(A) अनुच्छेद 32 एवं 226
(B) अनुच्छेद 32 एवं 220
(C) अनुच्छेद 35 एवं 226
(D) अनुच्छेद 136 एवं 226

56. Rule of Locus Stand is not applicable to :

(A) Private Interest litigation
(B) Public Interest litigation
(C) Both Private and public interest litigation
(D) Arbitration proceedings

56. वाद दाखिल करने के अधिकार का नियम लागू नहीं होता है :

(A) प्राईवेट हित वाद पर
(B) लोक हित वाद पर
(C) दोनों प्राईवेट तथा लोक हित वाद पर
(D) माध्यस्थम कार्यवाहियों पर

57. Directive principles of state policy are :

(A) Enforceable against the State
(B) None-enforceable against the State
(C) Provide guidelines to State for Governance
(D) Both (B) and (C) are true

57. राज्य के नीति निर्देशक तत्व :

(A) राज्य के विरूद्ध प्रवर्तनीय है
(B) राज्य के विरूद्ध अप्रवर्तनीय है
(C) राज्य को शासन चलाने हेतु दिशानिर्देश है
(D) (B)और (C)दोनों सही है

58. A secular State :

(A) Treats all religion equally

(B) Has no religion of its own

(C) Can restrict Right to Religion on growth of morals and public health

(D) All the above are true

59. Right to freedom of religion is Contained in Article :

(A) 25 and 26 of the Constitution

(B) 25 to 28 of the Constitution

(C) 25 to 30 of the Constitution

(D) 26 to 30 of the Constitution

60. Murli S. Deoria Vs Union of India case is related to :

(A) Ban on smoking in public places

(B) Rights of Senual Minorities

(C) Right to Development

(D) Right to Privacy

61. Right to Primary Education is a fundamental Right under Article :

(A) 21 of the Constitution

(B) 45 of the Constitution

(C) 48 of the Constitution

(D) 21-A of the Constitution

58. एक धर्म निरपेक्ष राज्य :

(A) सभी धर्मो को समानता प्रदान करता है

(B) का अपना कोई धर्म नहीं होता

(C) धार्मिक अधिकार को नैतिकता तथा लोक स्वास्थ्य के आधार पर प्रतिबंधित कर सकता है

(D) उपरोक्त सभी सही है

59. धार्मिक स्वतन्त्रता का अधिकार समाहित है :

(A) संविधान के अनुच्छेद 25 तथा 26 में

(B) संविधान के अनुच्छेद 25 तथा 28 में

(C) संविधान के अनुच्छेद 25 तथा 30 में

(D) संविधान के अनुच्छेद 26 तथा 30 में

60. मुरली एस० देवरा बनाम भारत संघ का वाद संबंधित है :

(A) लोक स्थानों पर धूम्रपान निषेध से

(B) लैंगिक अल्पसंख्यको के अधिकारो से

(C) विकास के अधिकार से

(D) एकान्तता के अधिकार से

61. प्राथमिक शिक्षा का अधिकार मूलभूत अधिकार है संविधान के अनुच्छेद :

(A) 21 के अन्तर्गत

(B) 45 के अन्तर्गत

(C) 48 के अन्तर्गत

(D) 21– A के अन्तर्गत

62. Right to die is a :
(A) Fundamental Right
(B) Legal Right
(C) Not a fundamental Right
(D) Constitutional Right

63. Sex Determination Test is :
(A) Against decency and dignity of a woman
(B) Violation of Right to Privacy under Article 21
(C) Illegal and unconstitutional
(D) All the above are true

64. The case in which for The First Time Supreme Court of India awarded Compensation to Citizen for violation of main Fundamental Right state was :
(A) Rudal Shah Vs State of Bihar
(B) Bhim Singh Vs State of Jammu Kashmir
(C) Sunil Batra Vs Delhi Administration (I)
(D) Chiranjit Kaur Vs Union of India

65. 'Right to Privacy' is now a fundamental Right under which of the following Article of the Constitution ?
(A) Article 20
(B) Article 21
(C) Article 19
(D) Article 14

62. मृत्यु का अधिकार है एक :
(A) मौलिक अधिकार
(B) विधिक अधिकार
(C) मौलिक अधिकार नहीं है
(D) संवैधानिक अधिकार

63. लिंग निर्धारण परीक्षण है :
(A) महिला की मर्यादा एवं गरिमा के विरूद्ध है
(B) एकान्तता के अधिकार का हनन है अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत
(C) गैर विधिक एवं असंवैधानिक है
(D) उपरोक्त सभी सही है

64. उच्चतम न्यायलय का वह वाद जिसमें न्यायलय ने सर्वप्रथम नागरिकों के मूलभूत अधिकार का हनन करने पर राज्य को उनको प्रतिकर देनें का ओदश पारित किया, था :
(A) रूदल शाह बनाम बिहार राज्य
(B) भीम सिंह बनाम जम्मू कश्मीर राज्य
(C) सुनील बत्रा बनाम दिल्ली प्रशासन
(D) चिरंजीत कौर बनाम भारत संघ

65. अब 'एकान्तता का अधिकार' संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत मौलिक अधिकार है ?
(A) अनुच्छेद 20
(B) अनुच्छेद 21
(C) अनुच्छेद 19
(D) अनुच्छेद 14

66. Point out the Correct option. Procedure established by Law under Article 21 includes :

(A) Principles of Natural Justice

(B) Procedure should be just, fair and reasonable

(C) Law establishing the procedure too should be a fair are :

(D) All the above

66. निम्न में से सही विकल्प चुने अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत ''विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया'' में समाहित हैं :

(A) नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त

(B) प्रक्रिया न्यायसंगत सम्यक तथा युक्तियुक्त होनी चाहिए

(C) विधि : जो प्रक्रिया का निर्माण करती है स्वयं सम्यक होनी चाहिए

(D) उपरोक्त सभी

67. The National Anthem Case is :

(A) A.D.M Jabalpur Vs Shivakant Shukla

(B) Bijoe Emmanual Vs State of Kerala

(C) Golaknath Vs State Punjab

(D) Randhir Singh Vs Union of India

67. 'राष्ट्रीय गान' संबन्धित वाद है :

(A) ए० डी० एम० जबलपुर बनाम शिवाकांत शुक्ला

(B) बिजॉय इम्मेनवल बनाम केरल राज्य

(C) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य

(D) रणधीर सिंह बनाम भारत संघ

68. 'Freedom of Press' is a fundamental Right under which of the following Articles of the Constitution :

(A) Article 19 (1) (a)

(B) Article 19 (1) (b)

(C) Article 19 (1) (c)

(D) Article 19 (1) (d)

68. संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत 'प्रेस की स्वतन्त्रता' एक मौलिक अधिकार है :

(A) अनुच्छेद 19 (1) (a) में

(B) अनुच्छेद 19 (1) (b) में

(C) अनुच्छेद 19 (1) (c) में

(D) अनुच्छेद 19 (1) (d) में

69. 'Right to Information' is now a :
(A) Statutory Right
(B) Fundamental Right
(C) Both Fundamental and Statutory Right
(D) Constitutional Right

70. The Articles of the Constitution Providing for abolition of untouchability and Titles are :
(A) Articles 17 and 18
(B) Articles 16 and 17
(C) Articles 14 and 18
(D) Articles 17 and 21

71. Under Article 12 of the Constitution 'N.C.E.R.T' is :
(A) A state
(B) Not a State
(C) An Agency of the Central Government
(D) An autonomous body and therefore State

72. Article 16(4-A) of the Constitution is related to :
(A) Extension of Reservation in Promotion to SC, ST and OBC category
(B) Extension of Reservation in promotion to SC and ST category in public employment
(C) Inclusion of Reservation in promotion to all categories
(D) Reasonable Reservation

69. 'सूचना का अधिकार' अब है एक :
(A) सांविधिक अधिकार
(B) मौलिक अधिकार
(C) मौलिक अधिकार तथा सांविधिक अधिकार दोनों
(D) संवैधानिक अधिकार

70. संविधान के अनुच्छेद जो अश्पृश्यता तथा पदवियों को समाप्त करने का प्रावधान करते है:
(A) अनुच्छेद 17 एवं 18
(B) अनुच्छेद 16 एवं 17
(C) अनुच्छेद 14 एवं 18
(D) अनुच्छेद 17 एवं 21

71. संविधान के अनुच्छेद 12 के अन्तर्गत 'N.C.E.R.T' है :
(A) राज्य
(B) राज्य नहीं है
(C) केन्द्र सरकार का एक अभिकरण
(D) एक स्वायत संस्था अतः राज्य है

72. संविधान का अनुच्छेद 16(4-A) संबंधित है :
(A) SC, ST एवं OBC वर्ग को प्रोन्नति में आरक्षण के विस्तार से
(B) लोक नियोजन में SC एवं ST वर्ग को प्रोन्नति में आरक्षण के विस्तार से
(C) सभी वर्गो को प्रोन्नति में आरक्षण के अपवर्जन से
(D) युक्ति युक्त आरक्षण से

73. The Article of the Constitution which provides for equality of opportunity in public employment is :

(A) Article 16

(B) Article 14

(C) Article 15

(D) Article 21

74. A woman of high caste marrying a parson of schedule caste is entitle to :

(A) Benefit of Reservation under Schedule caste category in Government Job

(B) Cannot false benefit of Reservation under Schedule caste category

(C) Can falsereservation benefit with approval of High Court

(D) None of the above

75. The Article of the Constitution Providing for mulcting of special Provision for welfare of women and children is :

(A) Article 15 (1)

(B) Article 15 (2)

(C) Article 14 (3)

(D) Article 15 (3)

76. Article 14 of the Constitution Forbids :

(A) Discrimination

(B) Classification

(C) Both Discrimination and Classification

(D) Reservation in Jobs for Scheduled castes

73. संविधान का अनुच्छेद जो 'लोकनियोजन' में समता का अवसर प्रदान करने का प्रावधान करता है, वह है :

(A) अनुच्छेद 16

(B) अनुच्छेद 14

(C) अनुच्छेद 15

(D) अनुच्छेद 21

74. एक उच्च जाति की महिला एक अनुसूचित जाति के व्यक्ति से विवाह करके अहर्रित होगी :

(A) 'सरकारी नौकरी'में अनुसूचित जाति के अन्तर्गत आरक्षण का लाभ लेने के लिए

(B) 'अनुसूचित जाति' वर्ग के अन्दर आरक्षण का लाभ नहीं ले सकेगी

(C) उच्च न्यायालय की स्वीकृति से आरक्षण का लाभ ले सकती है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

75. संविधान का वह अनुच्छेद जो महिलाओं और बालकों के कल्याण के लिए विशेष प्रावधान बनाने के लिए अधिकृत करता है, है :

(A) अनुच्छेद 15 (1)

(B) अनुच्छेद 15 (2)

(C) अनुच्छेद 14 (3)

(D) अनुच्छेद 15 (3)

76. संविधान का अनुच्छेद 14 प्रतिषेधित करता है :

(A) विभेद को

(B) वर्गीकरण को

(C) विभेद तथा वर्गीकरण दोनों को

(D) अनुसूचित जाति के लिए सेवा में आरक्षण को

77. Right of an Advocate to practice in a Court is a :

(A) Fundamental Right

(B) Statutory Right

(C) Both Fundamental and Statutory Right

(D) Neither Fundamental Nor Constitutional Right

77. एक अधिवक्ता का न्यायालय में वकालत करने का अधिकार है :

(A) मूलभूत अधिकार

(B) सांविधिक अधिकार

(C) मूलभूत अधिकार तथा सांविधिक अधिकार दोनों

(D) न तो मूलभूत अधिकार और न ही संवैधानिक अधिकार

78. "Equality is antithesis of arbitrariness". This was held in the case of :

(A) E.P. Royappa Vs State of Tamilnadu

(B) Maneka Gandhi Vs Union of India

(C) Randhir Singh Vs Union of India

(D) Kesavanand Bharti Vs State of Kerala

78. ''समता स्वेच्छाचारिता की विरोधी है'' यह प्रतिपादित करने वाला वाद है :

(A) इ० पी० रोयप्पा बनाम तमिलनाडु राज्य

(B) मेनका गाँधी बनाम भारत संघ

(C) रणधीर सिंह बनाम भारत संघ

(D) केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य

79. 'Article 14' of the Constitution is applicable to :

(A) Natural Persons

(B) Legal Persons

(C) Both Natural and Legal Persons

(D) Indian Citizen only

79. संविधान का 'अनुच्छेद 14' लागू होता है :

(A) नैसर्गिक व्यक्तियों पर

(B) विधिक व्यक्तियों पर

(C) दोनों नैसर्गिक तथा विधिक व्यक्तियों पर

(D) केवल भारतीय नागरिकों पर

80. The 'Creamy Layer formula' Propounded in famous Mandal Commission Case is applicable to :

(A) Scheduled castes
(B) Schedule Tribe
(C) Other Backward Classes
(D) Both to Scheduled Castes and other Backward classes

80. चर्चित 'मंडल कमीशन वाद' में प्रतिपादित ''क्रीमी लेयर फार्मूला'' लागू होता है :

(A) अनुसूचित जाति पर
(B) अनुसूचित जनजाति पर
(C) अन्य पिछड़ा वर्ग पर
(D) अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग दोनों पर

81. Both Directive Principles of State Policy and Fundamental Duties are:

(A) Enforceable
(B) Non-enforceable
(C) Dependent on Courts Discretion for enforcement
(D) The Position regarding their enforcement is not clear

81. राज्य के नीति निर्देशक तत्व तथा मौलिक कर्तव्य दोनों है :

(A) प्रवर्तनीय
(B) अप्रवर्तनीय
(C) प्रवर्तनीयता न्यायालय के विवेक पर आश्रित है
(D) प्रवर्तनीयता के संबंध में स्थिति अस्पष्ट है

82. 'Doctrine of Waiver' is applicable to :

(A) Fundamental Rights
(B) Not applicable to fundamental Rights
(C) Directive Principles of State policy
(D) Fundamental Duties

82. 'अधित्यजन का सिद्धान्त' लागू होता है :

(A) मूलभूत अधिकारों पर
(B) मूलभूत अधिकारों पर लागू नहीं होता है
(C) राज्य के नीति निदेशक तत्वों पर
(D) मूलभूत कर्तव्यों पर

83. Doctrine of Eclipse is applicable to:

(A) Pre- Constitutional Laws
(B) Post- Constitutional Law
(C) Both Pre Constitutional and Post- Constitutional Laws
(D) None of the above

83. 'आच्छादन का सिद्धान्त' लागू होता है :

(A) संविधान–पूर्व विधियों पर
(B) संविधानोत्तर विधियों पर
(C) दोनों संविधान–पूर्व विधियों तथा संविधानोत्तर विधियों पर
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

84. The word 'Law' used under Article 13 (3) of the Constitution does not include :
(A) Ordinance
(B) Amendment of the Constitution
(C) Custom or Usage
(D) Notification

84. संविधान के अनुच्छेद 13 (3) में प्रयुक्त 'विधि' शब्द के अन्तर्गत सम्मिलित नहीं है :
(A) अध्यादेश
(B) संविधान संशोधन
(C) प्रथा अथवा रूढ़ि
(D) अधिसूचना

85. 'The Law which encroaches fundamental Rights is neither nullity Nor void as into but be comes only unenforceable. This is Stated by which of the following doctrines :
(A) Doctrine of Severability
(B) Doctrine of Waiver
(C) Doctrine of Ultra-Vires
(D) Doctrine of Eclipse

85. विधि जो कि मूलभूत अधिकारों का अतिक्रमण करती है न तो शून्य होती है और न ही प्रारब्धतः शून्य वरन अप्रवर्तनीय होती है।'' यह प्रावधानित करने वाला सिद्धान्त है :
(A) पृथकता का सिद्धान्त
(B) त्यजन का सिंद्धान्त
(C) अधिकारातीत सिद्धान्त
(D) ग्रसन का सिद्धान्त

86. Article 13 (1) of the Constitution Provides for Validity/Invalidity of :
(A) Pre-Constitutional Laws
(B) Post Constitutional Law
(C) Both Pre and Post Constitutional
(D) Waiver of Fundamental Rights

86. संविधान का अनुच्छेद 13 (1) प्रावधानित करता है विधि मान्यता / गैर विधिमान्यता :
(A) संविधान पूर्व विधियों की
(B) संविधानोत्तर विधियों की
(C) संविधान पूर्व विधियों तथा संविधानोत्तर विधियों दोनों की
(D) मूलभूत अधिकारों के त्यजन से

87. The Article of the Constitution providing for Judicial Review of Laws Passed by Legislature is :
(A) Article 32
(B) Article 14
(C) Article 13
(D) Article 37

87. संविधान का अनुच्छेद जो विधायिका द्वारा पारित विधि के न्यायिक पुनर्विलोकन की व्यवस्था करता है, हैः
(A) अनुच्छेद 32
(B) अनुच्छेद 14
(C) अनुच्छेद 13
(D) अनुच्छेद 37

88. The term 'State' is under which of the following Article of the Constitution :

(A) Article 12

(B) Article 21

(C) Article 13

(D) Article 31

88. संविधान के निम्न में से किस अनुच्छेद में 'राज्य' को परिभाषित किया गया है :

(A) अनुच्छेद 12 में

(B) अनुच्छेद 21 में

(C) अनुच्छेद 13 में

(D) अनुच्छेद 31 में

89. 'Equal Pay for equal work' is a :

(A) Fundamental Right

(B) Directive Principle of State Policy

(C) Constitutional Right

(D) Fundamental Duty

89. 'समान कार्य के लिए समान वेतन' है एक :

(A) मूलभूत अधिकार

(B) राज्य का नीति निर्देशक तत्व

(C) संवैधानिक अधिकार

(D) मूलभूत कर्तव्य

90. 'Equal Protection of Laws' under Article 14 of the constitution means :

(A) Equality before Law

(B) Like Should be treated like

(C) Unlike should be treated differently

(D) Both (B) and (C) are true

90. संविधान के अनुच्छेद 14 के अन्तर्गत 'विधियों का समान संरक्षण' शब्दावली से अभिप्राय है :

(A) विधि के समक्ष समता

(B) समान परिस्थितियों वाले व्यक्तियों पर समान विधि लागू हो

(C) असमान परिस्थितियों वाले व्यक्तियों पर असमान विधि लागू हो

(D) (B) और (C) दोनों सही है

91. The Protection of Article 14 and 21 of the Constitution of India is available to :

(A) Citizens Only

(B) Citizens and Non-Citizens

(C) Only to Non-Citizens

(D) Natural Persons only

91. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 21 का संरक्षण प्राप्त है :

(A) केवल नागरिकों को

(B) नागरिकों एवं गैर नागरिकों को

(C) केवल गैर नागरिको को

(D) केवल नैसर्गिक व्यक्तियो को

92. The 'Agency or Instrumentality of Government' Test was accepted by the Supreme Court of India for deciding an 'authority' to be a state in the case of :

(A) Sukhdev Vs Bhagatram
(B) R. D. Shetty Vs The International Airport Authority of India
(C) Electricity Board, Rajasthan Vs Mohan Lal
(D) All the above

93. Which among the following is not a State as defined under Article 12 of the Constitution :

(A) C.S.J.M. University
(B) Central Government
(C) President of India
(D) Hindustan Aeronautics Ltd.

94. Which among the following cases is also known as the 'Habeas Corpus Case' :

(A) A.D.M. Jabalpur Vs Shivakant Shukla
(B) P. Rathiam Vs Union of India
(C) R. RajGopal Vs State of Tamilnadu
(D) Indira Nehru Gandhi Vs Raj Narayan

92. 'सरकार का अभिकरण या उपक्रम' कसौटी मानक उच्चतम न्यायालय द्वारा जिस वाद में किसी प्राधिकारी को 'राज्य' मानने हेतु स्वीकार किया गया, वह था :

(A) सुखदेव बनाम भगतराम
(B) आर० डी० शेट्टी बनाम भारतीय अंर्तराष्ट्रीय एयरपोर्ट प्राधिकरण
(C) राजस्थान विद्युत बोर्ड बनाम मोहन लाल
(D) उपरोक्त सभी

93. संविधान में 'अनुच्छेद 12' को परिभाषा के अनुसार निम्न में से कौन राज्य नहीं है :

(A) सी० एस० जे० एम० विश्वविद्यालय
(B) क्रेन्द्रीय सरकार
(C) भारत का राष्ट्रपति
(D) हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड

94. निम्न वादो में से किसको 'बन्दी प्रत्यक्षीकरण वाद' भी कहा जाता है :

(A) ए० डी० एम० जबलपुर बनाम शिवाकांत शुक्ला
(B) पी० राथियम बनाम भारत संघ
(C) आर० राजगोपाल बनाम तमिलनाडू राज्य
(D) इंदिरा नेहरू गाँधी बनाम राज नारायण

95. The constitutional Amendment which abolished Right to Property as a fundamental Right was :

(A) $42^{nd}$
(B) $7^{th}$
(C) $1^{st}$
(D) $44^{th}$

95. वह संविधान संशोधन जिसके द्वारा 'संपत्ति का अधिकार' मूल अधिकार नहीं रहा था :

(A) 42वाँ
(B) 7वाँ
(C) प्रथम
(D) 44वाँ

96. By $44^{th}$Constitutional Amendment, the fundamental Right. Which connot be suspended even during National Emergency is :

(A) Article 19
(B) Article 14
(C) Article 32
(D) Article 21

96. 44वें संविधान संशोधन द्वारा कौन सा मूल अधिकार राष्ट्रीय आपात के दौरान भी निलंबित नहीं किया जा सकता :

(A) अनुच्छेद 19 का
(B) अनुच्छेद 14 का
(C) अनुच्छेद 32 का
(D) अनुच्छेद 21 का

97. 'Right to Life' is a fundamental right as well as a :

(A) Natural Right
(B) Moral Right
(C) Historical Right
(D) Customary Right

97. 'जीवन का अधिकार' मूलभूत अधिकार के साथ–साथ है एक :

(A) नैसर्गिक अधिकार
(B) नैतिक अधिकार
(C) ऐतिहासिक अधिकार
(D) रूढ़िजन्य अधिकार

98. In India the Fundamental Rights are available to :

(A) Indian Citizens alone
(B) Indian Citizens and Legal persons
(C) Indian Citizens, Foreigners and Legal Persons
(D) Foreigners and Indian Citizens

98. भारत में मूलभूत अधिकार प्राप्त हैं :

(A) केवल भारतीय नागरिको को
(B) भारतीय नागरिकों तथा विधिक व्यक्तियों को
(C) भारतीय नागरिकों, विदेशियों तथा विधिक व्यक्तियों को
(D) विदेशी तथा भारतीय नागरिको को

99. Fundamental are chiefly available and enforceable against :

(A) Private Individuals

(B) 'State' as defined under Article 12 of the constitution

(C) Public and Private Corporations

(D) Executive

100. Fundamental Rights are contained in the Constitution under :

(A) Part III, Articles 12-35

(B) Part IV, Articles 12-35

(C) Part II,Articles 12-35

(D) Part V, Articles 12-35

99. मूलभूत अधिकार प्रमुखतः प्राप्त एवं प्रवर्तनीय है :

(A) प्राइवेट व्यक्तियों के विरूद्ध

(B) 'राज्य' जैसा संविधान के अनुच्छेद 12 में परिभाषित है के विरूद्ध

(C) पब्लिक तथा प्राइवेट निगमों के विरूद्ध

(D) कार्यपालिका के विरूद्ध

100. मूलभूत अधिकार संविधान में समाहित हैं :

(A) भाग – III,अनुच्छेद 12–35 तक

(B) भाग – IV,अनुच्छेद 12–35 तक

(C) भाग – II,अनुच्छेद 12–35 तक

(D) भाग – V,अनुच्छेद 12–35 तक

******

## Rough Work / रफ कार्य

**<u>DO NOT OPEN THE QUESTION BOOKLET UNTIL ASKED TO DO SO</u>**

1. Examinee should enter his / her roll number, subject and Question Booklet Series correctly in the O.M.R. sheet, the examinee will be responsible for the error he / she has made.
2. **This Question Booklet contains 100 questions, out of which only 75 Question are to be Answered by the examinee. Every question has 4 options and only one of them is correct. The answer which seems correct to you, darken that option number in your Answer Booklet <u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u> completely with black or blue ball point pen. If any examinee will mark more than one answer of a particular question, then the first most option will be considered valid.**
3. Every question has same marks. Every question you attempt correctly, marks will be given according to that.
4. Every answer should be marked only on Answer Booklet **<u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u>.**Answer marked anywhere else other than the determined place will not be considered valid.
5. Please read all the instructions carefully before attempting anything on Answer Booklet**(O.M.R ANSWER SHEET).**
6. After completion of examination please hand over the Answer Booklet **<u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u>** to the Examiner before leaving the examination room.
7. There is no negative marking.

**Note:** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly in case there is an issue please ask the examiner to change the booklet of same series and get another one.